

# आनन्दम् दिवस

29 जनवरी 2021

राजकीय महाविद्यालय, बून्दी


आनंदम दिवस: जनवरी 2021
Press Esc to exit full screen
zoom
22:37 / 1:00:00


zoom
Jc Nandini Vijay


Jc Nandini Vijay
OPPO A5s
hemraj painter
UMA SHANKER...
Nisha gurjar
Vipin suman
saloni kanwer
Ayanshu Khatana
a
Participants (98)
very useful lecturer


zoom
Khushi shrma

# ऑनलाईन तृतीय आनन्दम दिवस आयोजित

**राजमार्ग संवाददाता**

बूंदी, 29 जनवरी। उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा पीजी कॉलेज में अनिवार्य विषय आनंदम से संबंधित कार्यक्रमों की श्रंखला में आज तृतीय आनंदम दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. संजय भल्ला ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए दिवस के आयोजन का उद्देश्य ग्रुप लीडर्स के द्वारा अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के बारे में विमर्श करना बताया। प्राचार्य डॉ. पीयूष कुमार सलोदिया ने अतिथियों, मेंटर्स, ग्रुप लीडर्स और विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा आनंदम का उद्देश्य सुसंस्कृत नागरिकों का निर्माण करना बताया जिससे देश का उत्थान हो क्योंकि युवा ही देश का भविष्य होते हैं। कार्यक्रम की वक्ता तथा अतिथि जेसीआई बूंदी की प्रतिनिधि नंदिनी विजय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जेसीआई बूंदी के द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, महिला सुरक्षा, मैराथन, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति निवारण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान आदि अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में खुशी शर्मा, आदित्य शर्मा, सलोनी, अक्षत नामा, निशा शर्मा, नीरज शर्मा आदि ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया की प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में अनेक प्रकार की समस्याएं आ रही है जैसी बच्चों से संपर्क की समस्याए, बच्चों के पास मोबाइल ना होना, नागरिकों के असहयोग की समस्या तथा विभिन्न राजकीय नियमों की समस्या आदि।

कार्यक्रम के प्रभारी डॉ.संजय भल्ला ने विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि किस प्रकार कार्य किया जा कर रिपोर्टिंग करनी है जिससे विद्यार्थी अपने द्वारा किए गए कार्य के लिए अधिकतम अंक प्राप्त कर सके। कॉलेज स्तर पर बनाई गई प्रोजेक्ट असेसमेंट कमेटी विद्यार्थियों के द्वारा किए गए सामुदायिक कार्यों का मूल्यांकन करेगी। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. दिलीप कुमार राठौड़ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता तथा ग्रुप लीडर्स ने मेंटर्स तथा विद्यार्थियों के साथ संवाद किया जिससे कार्यक्रम के भावी क्रियान्वयन में सरलता तथा सफलता सुनिश्चित होगी। इस कार्यक्रम में आनन्दम समिति सदस्य डॉ. दिलीप कुमार राठौड़, डॉ. सविता चौधरी ने उपस्थित रहते हुए सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग श्री दिलशाद शेरवानी द्वारा प्रदान किया गया

# आनन्दम दिवस पर ग्रुप लीडर्स ने ऑनलाईन साझा किये अपने अनुभव

**( अंगद संवाददाता )**

बून्दी, 29 जनवरी। उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 में लागू किए गए नए अनिवार्य विषय आनंदम से संबंधित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज राजकीय महाविद्यालय में तृतीय आनंदम दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया गया।





कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संजय भल्ला ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आनन्दम दिवस के आयोजन का उद्देश्य ग्रुप लीडर्स के द्वारा अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में आने वाले अनुभवों के बारे में विमर्श करना बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीयूष कुमार सालोदिया ने मुख्य वक्ता, मेंटर्स, ग्रुप लीडर्स और विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा आनंदम का उद्देश्य सुसंस्कृत नागरिकों का निर्माण करना बताया जिससे देश का उत्थान हो।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जेसीआई बूंदी की प्रतिनिधि नंदिनी विजय ने जेसीआई द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, महिला सुरक्षा, मैराथन, बाल श्रम और भिक्षावृत्ति निवारण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान आदि अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। विजय ने बताया कि जेसीआई के द्वारा किए जाने वाले कार्यों में सर्व प्रमुख युवाओं का प्रशिक्षण है, जिससे विद्यार्थी अपने परिवेश में लोगों को किसी भी प्रकार की आवश्यकता में सहयोग देने का कार्य कर सके। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रुप लीडर्स खुशी शर्मा, आदित्य शर्मा, सलोनी, अक्षत नामा, निशा शर्मा, नीरज शर्मा इत्यादि ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया की प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में अनेक प्रकार की समस्याएं आ रही है जैसे विद्यार्थियों से संपर्क की समस्या, विद्यार्थियों के पास मोबाइल का अभाव तथा विभिन्न राजकीय नियमों की समस्या इत्यादि। साथ ही ग्रुप लीडर्स ने बताया कि प्रोजेक्ट कार्य करते हुए उन्हें इस बात की सुखद अनुभूति भी होती है कि वे सामाजिक सरोकारों में अपनी भूमिका का निर्वहन करने में सक्षम हो रहे हैं। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ.संजय भल्ला ने विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि किस प्रकार कार्य किया जा कर रिपोर्टिंग करनी है जिससे विद्यार्थी अपने द्वारा किए गए कार्य के लिए अधिकतम अंक प्राप्त कर सके। कॉलेज स्तर पर बनाई गई प्रोजेक्ट असेसमेंट कमेटी विद्यार्थियों के द्वारा किए गए सामुदायिक कार्यों का मूल्यांकन करेगी। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. दिलीप कुमार राठौड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में आनन्दम समिति सदस्य डॉ. दिलीप कुमार राठौड़, डॉ. सविता चौधरी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग दिलशाद शेरवानी

दल को

भावित

से 7-8 पर मान लेते है। शेष 13 वार्ड ऐसे है जिनमें से 7-8 पर निर्दलीय जीत दर्ज करा सकते है। शेष 5 यदि किसी एक दल को भी मिल जाए तब भी कांग्रेस व बीजेपी का बोर्ड बनता दिखाई नहीं देता। निर्दलीय व अन्य की सहायता लेनी होगी।

हमारे इस विश्लेषण में कांग्रेस व बीजेपी को 25-25 बराबर दिखाया गया है। इसमें 2-3 की घटत-बढ़त परस्पर किसी एक के पक्ष में हो सकती है। क्योंकि यह पूर्वानुमान है। परिणाम इस विश्लेषण के आस पास रहने की संभावना है।

ए घर पर जा रहे ग्रामीण

### ऑनलाइन मनाया आनन्दम दिवस

# देश का उत्थान हो, क्योंकि युवा ही देश का भविष्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बूंदी. शैक्षणिक सत्र 2020-21 में लागू किए गए नए अनिवार्य विषय आनंदम के तहत शुक्रवार को बूंदी के राजकीय महाविद्यालय में तृतीय आनंदम दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रभारी संजय भल्ला ने शुरुआत करते हुए आनंदम दिवस के आयोजन का उद्देश्य बताया। उन्होंने अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में आने वाले अनुभवों के बारे में विमर्श करना समझाया। प्राचार्य पीयूष कुमार सालोदिया ने मेंटर्स, ग्रुप लीडर्स और विद्यार्थियों का स्वागत किया।

आनंदम का उद्देश्य सुसंस्कृत नागरिकों का निर्माण करना बताया जिससे देश का उत्थान हो, क्योंकि युवा ही देश का भविष्य। मुख्य वक्ता जेसीआई बूंदी की प्रतिनिधि नंदिनी विजय थी।

ग्रुप लीडर्स खुशी शर्मा, आदित्य शर्मा, सलोनी, अक्षत नामा, निशा शर्मा, नीरज शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। दिलीप राठौड़ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

2021/1/30 08:31

### पीजी कॉलेज में आनंदम प्रोजेक्ट में आ रही समस्याओं पर मंथन

# आनंदम का उद्देश्य सुसंस्कृत नागरिकों को तैयार करना है

भास्कर न्यूज | बूंदी

उच्च शिक्षा विभाग जयपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 में लागू नए अनिवार्य विषय आनंदम से संबंधित कार्यक्रमों की श्रंखला में शनिवार को पीजी कॉलेज में तृतीय आनंदम दिवस ऑनलाइन रखा गया।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संजय भल्ला ने इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य बताया कि ग्रुप लीडर्स द्वारा अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के बारे में विमर्श करना है। प्रिंसिपल डॉ. पीयूषकुमार सलोदिया ने कहा कि आनंदम का उद्देश्य सुसंस्कृत नागरिकों तैयार करना है, ताकि देश का उत्थान हो। वक्ता जेसीआई बूंदी की प्रतिनिधि नंदिनी विजय ने जेसीआई के पौधारोपण, महिला सुरक्षा, मैराथन, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति निवारण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान सरीखे अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों को भी एक्टिव सिटीजन फ्रेमवर्क की स्पिरिट के साथ काम करने की सलाह दी, जिसमें अपने परिवेश में लोगों को किसी भी जरूरत में सहयोग देना होता है।

कार्यक्रम में ग्रुप लीडर खुशी शर्मा, आदित्य शर्मा, सलोनी, अक्षत नामा, निशा शर्मा, नीरज शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रोजेक्ट्स में आ रही समस्याओं मसलन बच्चों से संपर्क की समस्या, बच्चों के पास मोबाइल ना होना, जनता के असहयोग, सरकारी नियमों की अड़चन आदि के बारे में बताया। डॉ. भल्ला ने छात्रों को काम करने के तरीके के बारे में बताया, ताकि अधिकतम अंक मिल सकें। कॉलेज स्तर पर बनाई गई प्रोजेक्ट असेसमेंट कमेटी छात्रों द्वारा किए गए सामुदायिक कार्यों का मूल्यांकन करेगी।